बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

बिहार पशुपालन सेवा वर्ग–2 (मूल स्तर) प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा (वि॰सं॰ – 11/2004) का कार्यक्रम

सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या 6253/2006, निर्भय कुमार एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 08.08.2006 को पारित आदेश के आलोक में बिहार पशुपालन सेवा वर्ग–2 (मूल स्तर) के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या – 11/2004 के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अर्हित उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग परीक्षा शनिवार, दिनांक 13.10.2012 को एक पाली में 10.30 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक निम्न कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगीः–

केन्द्र कोड	परीक्षा केन्द्र का नाम	अनुक्रमांक	
		से	तक
01	देवीपद चौधरी शहीद स्मारक (मिलर) उच्च विद्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना	1	360
02	के॰बी॰ सहाय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शेरूल्लाहपुर, शेखपुरा, पटना	361	743

नोटः– 1. परीक्षा के विषय – स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन (Veterinary Science & Animal Husbandry) विषय का एक प्रश्न पत्र होगा जिसमें पशु चिकित्सा विज्ञान से 75 अंकों के तथा पशुपालन से 75 अंकों के कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रकृति के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे और उनका पूर्णांक 150 होगा।

2. सभी अर्हित उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने हेतु प्रवेश पत्र डाक से आवेदन में अंकित स्थायी एवं पत्राचार के पते पर भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जिन उम्मीदवारों को दिनांक 10.10.2012 तक प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होते हैं, वे दिनांक 11.10.2012 एवं 12.10.2012 को 11 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक उम्मीदवार होने सम्बन्धी कोई प्रमाण एवं फोटोग्राफ के साथ आवेदन देकर, आयोग कार्यालय के काउन्टर से द्वितीयक (Duplicate) प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना